# **In the Court of A.C.J.M. - IV, Patna City**

## **GR – 2457/15**
## **Bypass P.S. - 78/15**

01-07-22

अभिलेख अंतिम प्रपत्र पर सुनवाई हेतु प्रस्तुत किया गया। वाद पुकारा गया। पुकार पर सूचक, अभियोजन पदाधिकारी के साथ उपस्थित हुए। अभियोजन पदाधिकारी द्वारा सूचक की हाजरी के साथ एक आवेदन दाखिल किया गया। अभियोजन पदाधिकारी द्वारा कथन किया गया, इस वाद में अनुसंधानकर्ता द्वारा अंतिम प्रपत्र असंज्ञेय समर्पित किया गया है तथा सूचक को इस संदर्भ में कोई आपत्ति नहीं है। अतः श्रीमान् से निवेदन है कि अंतिम प्रपत्र स्वीकृत करने की कृपा की जाए।

सुना। अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से यह प्रतीत होता है कि इस वाद में अनुसंधानकर्ता द्वारा दिनांक 16.12.2015 को अंतिम रिपोर्ट 92/15 दिनांक 13.10.2015 असंज्ञेय करके समर्पित किया गया है। सूचक न्यायालय में उपस्थित हुए एवं अंतिम प्रपत्र स्वीकृत करने का प्रार्थना करते है। अतः इस वाद में अनुसंधानकर्त्ता की ओर से दाखिल अंतिम प्रपत्र स्वीकृत किया जाता है। कार्यालय अभिलेख को अभिलेखागार में जमा करें।

लेखापित

अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, चतुर्थ